**Patrika (Indore), 13th August 2024, Page -01**

**शिक्षा मंत्रालय की रैंकिंग :** आइआइटी मद्रास टॉप संस्थान, आइआइएससी सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय

# आइआइटी इंदौर की रैंकिंग गिरी, आइआइएम की स्थिति नहीं सुधरी... डीएवीवी 50वें नंबर पर

- मेडिकल कॉलेजों में एम्स नई दिल्ली लगातार शीर्ष पर
- आइआइएम अहमदाबाद सबसे अच्छा प्रबंधन संस्थान

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**नई दिल्ली/इंदौर.** शिक्षा मंत्रालय की रैंकिंग में आइआइटी मद्रास समग्र श्रेणी में लगातार छह साल से देश का सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान और आइआइएससी बेंगलूरु लगातार नौ साल से शीर्ष विश्वविद्यालय बना हुआ है। वहीं आइआइटी इंदौर व आइआइएम की हालत में खास सुधार नहीं है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) 2024 की घोषणा की। रैंकिंग के अनुसार, समग्र श्रेणी में आइआइएससी बेंगलूरु दूसरे स्थान पर है, हालांकि रिसर्च कटेगरी में यह लगातार चौथे साल शीर्ष स्थान पर रहा। इंजीनियरिंग कटेगरी में आइआइटी मद्रास लगातार नौ साल से शीर्ष स्थान पर बरकरार है। मिरांडा कॉलेज नई दिल्ली को पीछे कर इस बार हिंदू कॉलेज नई दिल्ली देश का सर्वश्रेष्ठ कॉलेज बन गया है। पिछले सात साल से मिरांडा कॉलेज पहले स्थान पर था। इस साल भी मेडिकल कैटेगरी में एम्स दिल्ली टॉप पर है। यह लगातार सात साल से इस स्थान पर बना हुआ है। आइआइएम अहमदाबाद मैनेजमेंट कैटेगरी में टॉप पर है। एआइसीटीई अध्यक्ष अनिल सहस्रबुद्धे ने कहा, एनआइआरएफ के नौवें संस्करण में इस बार तीन नई श्रेणियां शुरू की गई हैं।

## NIRF-2024
### राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क

TOP 10

### शीर्ष कॉलेज
1. हिंदू कॉलेज, दिल्ली
2. मिरांडा हाउस, दिल्ली
3. सेंट स्टीफंस कॉलेज, दिल्ली
4. राम कृष्ण मिशन विवेकानंद शताब्दी कॉलेज, कोलकाता
5. आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज, दिल्ली
6. सेंट जेवियर्स कॉलेज, कोलकाता
7. पीएसजीआर कृष्णम्मल महिला कॉलेज, कोयंबत्तूर
8. लोयोला कॉलेज, चेन्नई
9. किरोड़ीमल कॉलेज, दिल्ली
10. लेडी श्रीराम कॉलेज फॉर विमेन, दिल्ली

### शीर्ष मेडिकल कॉलेज
1. एम्स नई दिल्ली
2. पीजीआइएमईआर चंडीगढ़
3. क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज वेल्लोर
4. निम्हांस बेंगलूरु
5. जेआइपीजीएमईआर पुद्दुचेरी
6. एसजीपीआइएमएस लखनऊ
7. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
8. अमृता विश्वविद्यालय
9. कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज मणिपाल
10. मद्रास मेडिकल कॉलेज चेन्नई



### समग्र श्रेणी
1. आइआइटी मद्रास
2. आइआइएससी बेंगलूरु
3. आइआइटी बॉम्बे
4. आइआइटी दिल्ली
5. आइआइटी कानपुर
6. आइआइटी खड़गपुर
7. एम्स, नई दिल्ली
8. आइआइटी रुड़की
9. आइआइटी गुवाहाटी
10. जेएनयू, नई दिल्ली

### प्रबंधन संस्थान
1. आइआइएम अहमदाबाद
2. आइआइएम बैंगलोर
3. आइआइएम कोझिकोड
4. आइआइएम दिल्ली
5. आइआइएम कलकत्ता
6. आइआइएम मुंबई
7. आइआइएम लखनऊ
8. आइआइएम इंदौर
9. एक्सएलआरआइ, जमशेदपुर
10. आइआइएम बॉम्बे

### टॉप-5

#### आर्किटेक्चर-प्लानिंग
1. आइआइटी रुड़की
2. आइआइटी खड़गपुर
3. एनआइटी कालीकट
4. आइआईईएसटी, शिबपुर
5. एसपीए, नई दिल्ली

#### शीर्ष लॉ संस्थान
1. एनएलएसआइयू, बेंगलूरु
2. राष्ट्रीय विधि विवि, दिल्ली
3. एनयूएल, हैदराबाद
4. डब्लूबीएनयूजेएस, कोलकाता
5. सिम्बायोसिस लॉ स्कूल, पुणे

### इंजीनियरिंग संस्थान
1. आइआइटी मद्रास
2. आइआइटी दिल्ली
3. आइआइटी बॉम्बे
4. आइआइटी कानपुर
5. आइआइटी खड़गपुर
6. आइआइटी रुड़की
7. आइआइटी गुवाहाटी
8. आइआइटी हैदराबाद
9. एनआइटी तिरुचिरापल्ली
10. आइआइटी-बीएचयू वाराणसी

### टॉप यूनिवर्सिटी
1. आइआइएससी, बेंगलूरु
2. जेएनयू, नई दिल्ली
3. जेएमआइ, नई दिल्ली
4. मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, मणिपाल
5. बीएचयू, वाराणसी
6. दिल्ली विश्वविद्यालय
7. अमृता विश्वविद्यापीठम, कोयंबत्तूर
8. एएमयू, अलीगढ़
9. जादवपुर विश्वविद्यालय, कोलकाता
10. वीआइटी, वेल्लोर

## आइआइटी इंदौर 2023 में 14वें स्थान पर था, अब 16वें पर पहुंचा

**इंदौर.** एनआइआरएफ रैंकिंग में इंजीनियरिंग और प्रबंधन संस्थानों में आइआइएम और आइआइटी का दबदबा कायम है लेकिन आइआइटी की रैंकिंग दो पायदान गिरी है। वहीं, पिछले साल के मुकाबले आइआइएम की रैंकिंग में कोई सुधार नहीं है। इधर, देवी अहिल्या विवि को स्टेट कैटेगरी में 50वां स्थान मिला है। इस बार आइआइटी की रैंकिंग इंजीनियरिंग और ऑवरऑल दोनों ही कैटेगरी में गिरी है। संस्थान 16वें स्थान पर पहुंच गया है। 2023 में आइआइटी रैंकिंग सुधारकर 14वें स्थान पर पहुंचा था। इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट्स के अलावा ओवरऑल कैटेगरी में भी आइआइटी इंदौर को नुकसान हुआ है। अंकों की बात करें तो इस साल आइआइटी इंदौर को 64.72 अंक मिले हैं। पिछले साल 63.93 अंक थे। आइआइएम इंदौर की रैंकिंग में कोई सुधार नहीं हुआ है। इस साल भी वह आठवें पायदान पर है। इस बार आइआइएम को 73.53 अंक प्राप्त हुए हैं।

**इंदौर का डेंटल कॉलेज 32वें स्थान पर :** डेंटल कैटेगरी में गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज को इस बार 8 पायदान का नुकसान हुआ है। 2023 में 32वें स्थान पर था, इस बार 40वें पर है। वहीं, इस बार स्टेट यूनिवर्सिटी की नई श्रेणी बनाई गई, जिसमें देवी अहिल्या विवि 50वें स्थान पर रहा।